# संगणक

## भर्ती परीक्षा 2024

## ANSWER KEY



# PAPER SOLUTION

## 3 MARCH 2024

इस पेपर की आंसर की प्राप्त करने के लिए आप इस **QR CODE** को स्कैन करें

सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान

# लक्ष्य क्लासेज ™

**1. सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए।**

| **सूची I** | **सूची II** |
|---|---|
| a. राजस्थान का कबीर | I. दामोदर लाल व्यास |
| b. राजस्थान की जलपरी | II. किशन लाल सोनीष |
| c. राजस्थान का लौह पुरु | III. रीमा दत्ता |
| d. राजस्थान का रेल बाबा | IV. दादू दयाल |


नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(A) a-III, b-IV, c-II, d-I (B) a-IV, b-III, c-I, d-II
(C) a-IV, b-III, c-II, d-I (D) a-II, b-III, c-I, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**2. एम एस पावर पॉईंट विंडो पर प्रश्नवाचक चिह्न क्या दर्शाता है ?**
(A) स्टेटस बार (B) मैन्यू बॉक्स
(C) फारमैटिंग बार (D) टाईटल बार
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**3. आँकड़ों के आरेखी निरूपण में कभी-कभी आभासी आधार रेखा खींची जाती है। आभासी आधार रेखा में कौन सा कथन असत्य है ? इसे खींचा जाता है -**
(A) स्थान बचाने के लिए
(B) छोटे घटबढ़ को उभारने के लिए
(C) माध्यिका का परिकलन करने के लिए
(D) ग्राफ का बेढंगापन हटाने के लिए
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**4. श्री विजयसिंह पथिक द्वारा कौन सा आन्दोलन चलाया गया?**
(A) असहयोग आन्दोलन
(B) बिजोलिया किसान आन्दोलन
(C) चिपको आंदोलन
(D) शेखावाटी आन्दोलन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**5. दिए गए प्रतिशतक (पर्सेन्टाइल) वक्र से चिह्न x = 59.5 के तुल्य प्रतिशतक ज्ञात कीजिए।**




(A) 40 (B) 85
(C) 75 (D) 100
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**6. ओ. एस. आई. मॉडल में कितनी परतें हैं?**
(A) 3 (B) 4
(C) 6 (D) 7
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**7. 2010 को आधार वर्ष मान कर, 2015 में जीवन निर्वाह व्य सूचकांक गणना है:**

| **(वस्तु)** | **(प्रति इकाई मूल्य रु. में) 2010** | **2015** | **(वस्तु की खपत मात्रा)** |
|---|---|---|---|
| A | 10 | 20 | 3 |
| B | 20 | 30 | 4 |
| C | 30 | 80 | 2 |

(A) 200 (B) 300
(C) 400 (D) 100
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**8. एम एस वर्ड में, F12 की (key) से क्या खुलता है :**
(A) ओपन डायलॉग बॉक्स (B) सेव डायलॉग बॉक्स
(C) क्लोज डायलॉग बॉक्स (D) सेव एस डायलॉग बॉक्स
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**9. जनगणना विधि की अपेक्षा प्रतिदर्शी विधि को प्राथमिकता देने के कारणों में, निम्न में से, असत्य कथन का चयन कीजिए:**
(A) जनसंख्या का स्थान बदलते रहना।
(B) जनगणना विधि सटीक नहीं है।
(C) ऐसे स्थानों पर जहाँ जनसंख्या बहुत अधिक है।
(D) जनगणना में अधिक समय और धन खर्च होता है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**10. निम्नलिखित बंटन के लिए प्रसार गुणांक क्या होगा?**

| **आयु (वर्षों में)** | **16-20** | **21-25** | **26-30** | **31-35** |
|---|---|---|---|---|
| व्यक्तियों की संख्या | 15 | 10 | 27 | 8 |

(A) 0.37 (B) 0.39
(C) 0.4 (D) 0.5
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**11. किसी फर्म का माँग वक्र तथा उद्योग माँग वक्र ............... में बराबर होगा-**
(A) एकाधिकार बाज़ार (B) द्वयधिकार बाज़ार
(C) अल्पाधिकार बाज़ार (D) प्रतिस्पर्धी बाज़ार
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**12. राष्ट्रीय आय लेखाकरण में, निम्न में से, कौन सा अंतरण भुगतान नहीं है ?**
(A) सूखा राहत भुगतान
(B) बेरोज़गारी लाभ
(C) सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का वेतन
(D) भारतीयों के पास जो सरकारी बॉंड हैं, उन पर ब्याज
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**13. निम्नलिखित में से कौन सा पूर्वी मैदानों का भाग नहीं है?**
(A) अजमेर (B) बूँदी
(C) माउंट आबू (D) कोटा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**14. सूची I के साथ सूची II को सुमेलित कीजिए :**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| a. उद्यमिता तथा सम्पत्ति से प्राप्त आय | I. मूल्यह्रास आरक्षित निधि |
| b. किसी पूँजीगत वस्तु की जीर्णता के लिए वार्षिक भत्ता | II. मूल्य-वर्धन |
| c. उत्पादन के दौरान स्थायी परिसम्पत्तियों का आकस्मिक अप्रचलन | III. प्रचालन अधिशेष |
| d. मध्यवर्ती उपभोग के मूल्य पर उत्पाद का अधिमूल्यन | IV. पूँजी हानि |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :
(A) a-IV, b-III, c-II, d-I
(B) a-III, b-IV, c-I, d-II
(C) a-III, b-I, c-IV, d-II
(D) a-I, b-II, c-III, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**15. वह अंतर जिसके द्वारा वास्तविक समग्र माँग, पूर्ण रोज़गार संतुलन को स्थापित करने के लिए आवश्यक समग्र मॉंग से बढ़ जाती है, उसे ......... कहते हैं।**
(A) अपस्फीतिकर अंतराल
(B) पूर्ण रोज़गार संतुलन
(C) अल्प रोज़गार संतुलन
(D) स्फीतिकर अंतराल
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**16. निम्न में से कौन सा केन्द्रीय प्रवृत्ति का माप है?**
(A) वर्ग अंतराल की चौड़ाई (B) माध्य
(C) संचयी बारंबारता (D) परास
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**17. यदि कीमत ................. है, तो एक अधिकतम लाभ वाली फर्म, अल्प काल में उत्पादन करना बंद कर देगी-**
(A) सीमांत लागत से नीचे (B) औसत चर लागत से कम
(C) औसत लागत के बराबर (D) औसत लागत से कम
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**18. सेन्ट्रल बैंक से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**
1. मुद्रा आपूर्ति के परिमाण/मात्रा को गुणवत्तापूर्ण साख नियंत्रण उपकरणों द्वारा नियंत्रित किया जाता है।
2. साख निर्माण वैध आरक्षित अनुपात से प्रतिलोमित रूप से संबंधित है।
3. आवधिक जमा की परिपक्वता की निश्चित अवधि होती है।
4. साख निर्माण मुद्रा गुणक से प्रत्यक्ष रूप से संबंधित है।
5. अंतरबैंक जमा मुद्रा आपूर्ति का एक भाग है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(A) केवल 1, 2, 3 और 4 (B) केवल 2 और 4
(C) केवल 1 और 5 (D) केवल 1, 5 और 4
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**19. सूची I के साथ सूची II को सुमेलित कीजिए :**

| सूची I (स्थानीय देवी/देवता) | सूची II (जन्म स्थान) |
|---|---|
| a. तेजा जी | I. कोलू |
| b. गोगा जी | II. जोधपुर |
| c. टल्लीनाथ | III. चूरु |
| d. पाबु जी | IV. नागौर |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :
(A) a-II, b-III, c-IV, d-I
(B) a-IV, b-III, c-II, d-I
(C) a-IV, b-II, c-III, d-I
(D) a-III, b-II, c-IV, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**20. चलित (गतिमान) माध्य विधि का उपयोग किसके मापन में किया जाता है-**
(A) मौसमी परिवर्तन
(B) चक्रीय परिवर्तन
(C) अनियमित परिवर्तन
(D) प्रवृत्ति
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**21. सूची I के साथ सूची II को सुमेलित कीजिए :**

| सूची I (योजनाएँ) | सूची II (उद्देश्य) |
|---|---|
| a. राज-ईज्ञान पोर्टल | I. गुणावत्तापूर्ण निदानात्मक सेवाएँ प्रदान करना |
| b. मीना मार्च | II. राज्य के पिछड़े हुए ब्लॉक में अंग्रेजी माध्यम द्वारा शिक्षा |
| c. मुख्यमंत्री नि:शुल्क जॉंच योजना | III. कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों के लिए डिजिटल पाठ्य सामग्री प्रदान करना |
| d. स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल | IV. अभिभावकों में सामाजिक मुद्दों से संबंधित जागरूकता उत्पन्न करना |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :
(A) a-III, b-IV, c-II, d-I (B) a-III, b-IV, c-I, d-II
(C) a-IV, b-III, c-II, d-I (D) a-II, b-III, c-I, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**22. सूची I के साथ सूची II को सुमेलित कीजिए :**

| सूची I (बाज़ारों के प्रकार) | सूची II (विशेषताएँ) |
|---|---|
| a. पूर्ण प्रतिस्पर्धा | I. एक विक्रेता |
| b. एकाधिकार | II. निकट स्थानापन्नों की उपलब्धता |
| c. एकाधिकारी प्रतिस्पर्धा | III. किंक मॉक वक्र |
| d. अल्पाधिकार | IV. एकसमान कीमत होना |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :
(A) a-IV, b-III, c-II, d-I
(B) a-IV, b-I, c-II, d-III
(C) a-IV, b-I, c-III, d-II
(D) a-IV, b-II, c-III, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**23. प्रवृत्ति (उपनति) रेखा, y = a +bx में, b का मान होता है-**
(A) सदैव ऋणात्मक
(B) सदैव शून्य
(C) धनात्मक और ऋणात्मक दोनों संभव है
(D) सदैव धनात्मक
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**24. सूची I के साथ सूची II को सुमेलित कीजिए :**

| सूची I (पुस्तक/कृति) | सूची II (लेखक) |
|---|---|
| a. भरतेश्वर बाहुबली रास | I. भट्ट सदाशिव |
| b. पृथ्वीराज रासो | II. गोपीनाथ |
| c. राज विनोद | III. चन्द्र बरदाई |
| d. ग्रंथराज | IV. शालीभद्र सूरी |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :
(A) a-I, b-IV, c-III, d-II
(B) a-IV, b-I, c-III, d-II
(C) a-III, b-II, c-I, d-IV
(D) a-IV, b-III, c-I, d-II
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**25. एम. एस. वर्ड में फॉन्ट डायलॉग बॉक्स को खोलने के लिए शॉर्टकट की (key) संयोजन कौन सा है-**
(A) Ctrl + Shift + G (B) Ctrl + Shift + L
(C) Ctrl + Shift + V (D) Ctrl + Shift + F
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**26. सूची I के साथ सूची II को सुमेलित कीजिए :**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| a. स्लाइड शो के दौरान पहली स्लाइड पर बापस जाने के लिए शॉर्टकट की (key) का संयोजन | I. Ctrl + D |
| b. पावर पॉईंट में वर्णो का प्रकार (केस) बदलने के लिए शॉर्टकट की (Key) का संयोजन | II. Ctrl + N |
| c. पावर पॉईंट में डुप्लीकेट स्लाइड बनाने के लिए की बोर्ड को शॉर्टकट संयोजन | III. Ctrl + $F_3$ |
| d. पावर पॉईंट में ब्लैंक प्रेजेन्टेशन (प्रस्तुतीकरण) बनाने के लिए शॉर्टकट संयोजन | IV. I + Enter |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :
(A) a-IV, b-III, c-II, d-I
(B) a-IV, b-III, c-I, d-II
(C) a-IV, b-I, c-III, d-II
(D) a-I, b-II, c-III, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**27. एक व्यक्ति का वेतन 20% घटा दिया गया था। उसके घटे हुए वेतन को कितने प्रतिशत बढ़ाया जाए कि वह वास्तविक वेतन के बराबर हो जाए?**
(A) 25 (B) $33\ ^1/_2$
(C) 27 (D) 20
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**28. वर्ष 2005 में सूचकांक 100 है। 2006 में इसमें 4 प्रतिशत की वृद्धि, 2007 में 6 प्रतिशत की गिरावट, 2008 में 4 प्रतिशत की गिरावट और 2009 में 3 प्रतिशत की वृद्धि होती है। वर्ष 2007 को आधार वर्ष मानते हुए वर्ष 2008 का सूचकांक ज्ञात कीजिए।**
(A) 93.85 (B) 94
(C) 96 2. (D) 95.5
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**29. निवल राष्ट्रीय उत्पादकता के संदर्भ में दिये गये कथन पढ़ें।**
1. कीमतों के बढ़ते समय पर, चालू कीमतों पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद (NNP), स्थिर कीमतों वाले निवल राष्ट्रीय उत्पाद (NNP) से कम होता है।
2. कीमतों में वृद्धि के समय, चालू कीमतों पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद (NNP), स्थिर कीमतों पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद (NNP) से अधिक होता है।
3. चालू कीमतों पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद (NNP) तथा स्थिर कीमतों पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद (NNP) कीमतों में वृद्धि से निरपेक्ष सदा समान रहता है।
4. स्थिर कीमतों के होने पर, चालू कीमतों पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद (NNP) स्थिर कीमतों पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद (NNP) के बराबर होता है।
5. चालू कीमतों पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद (NNP), स्थिर कीमतों पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद (NNP) के बराबर नहीं हो सकता।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(A) केवल 2 (B) केवल 2 और 4
(C) केवल 4 और 5 (D) केवल 1 और 3
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**30. काल श्रेणी में मौसमी परिवर्तनों का विस्तार हो सकता है :**
(A) एक वर्ष से अधिक (B) एक वर्ष से कम
(C) 7 से 9 वर्ष तक (D) बहुत लम्बी अवधि तक
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**31. किसी देश की स्वास्थ्य सांख्यिकी का उचित सूचकांक मुख्यतः किस दर के घटने से पता चलता है?**
(A) मृत्यु दर (B) अशोधित जन्म दर
(C) आयु विशिष्ट मृत्यु दर (D) शिशु मृत्यु दर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**32. फोल्डर की रचना के लिए शॉर्टकट की (key) संयोजन कौन सा है?**
(A) Ctrl + C (B) Ctrl + Shift + N
(C) Ctrl (D) F2
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**33. एक विद्यार्थी ने परीक्षा में निम्नलिखित प्रतिशत अंक प्राप्त किए :**
**अंग्रेजी 60, हिन्दी 75, गणित 63, भौतिकी 59 और रसायन 55 यदि विषयों को क्रमशः 1, 2, 1, 3, 3 का भार दिया गया हो, विद्यार्थी का भारित माध्य ज्ञात करो।**
(A) 61.5 (B) 63.5
(C) 64.5 (D) 60.5
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**34. सूची I के साथ सूची II को सुमेलित कीजिए :**

| सूची I (प्रसिद्ध स्थान) | सूची II (शहर) |
|---|---|
| a. बादल विलास महल | I. जयपुर |
| b. मुबारक महल | II. कोटा |
| c. नेहर खान की मीनार | III. जोधपुर |
| d. मेहरानगढ़ किला | IV. जैसलमेर |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :
(A) a-IV, b-II, c-I, d-III
(B) a-IV, b-I, c-II, d-III
(C) a-IV, b-II, c-III, d-I
(D) a-II, b-III, c-I, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**35. 'थार' रेगिस्तान का कुल क्षेत्रफल है :**
(A) 232364 $Km^2$ (B) 238254 $km^2$
(C) 248254 $km^2$ (D) 230254 $km^2$
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**36. एकाधिकारी .............. पर प्रचालन करने पर उच्चतर कीमत ले सकता है।**
(A) माँग वक्र के बेलोचदार भाग
(B) माँग वक्र के स्थिर लोच वाले भाग
(C) माँग की लोच लोच की पूर्णतः उपेक्षा करने
(D) माँग वक्र के लोच वाले भाग
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**37. समय श्रेणी में एक सरल रेखा को न्यूनतम वर्ग सिद्धांत द्वारा फिट करते हुए, निम्न में परिवर्तन से किसमें प्रव का मान समान रहता है?**
(A) मूल विन्दु (B) पैमाना और मूल बिन्दु
(C) अक्ष (D) पैमाना
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**38. एक डाटा एंट्री आफिस में, कंप्यूटर केन्द्र पहली और पाँचवीं मंजिल पर हैं। दोनों केन्द्र लैन (एल.ए.एन) से हैं। संकेतों (सिग्नल) को इन मंजिलों से जाने में समय लगता है। कौन सा हार्डवेयर डाटा संचरण में सुधार सकता है?**
(A) रिपीटर (B) राऊटर
(C) कंप्यूटर (D) मोडम
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**39. राजस्थानी भाषा का शब्दकोश किसने निर्मित किया?**
(A) कोमल कोठारी (B) कन्हैयालाल सेठिया
(C) सीताराम लालस (D) विजयदान देथा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**40. राजस्थान के गाँवों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रभावी साधन है:**
(A) शहरीकरण का विस्तार
(B) शहरी शिक्षा का प्रसार
(C) ग्रामीण बेरोजगारों को शहरों में रोजगार प्राप्त होना
(D) ग्रामीण अभिमुख आर्थिक योजनाएँ बनाना
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**41. यदि x किसी वस्तु की माँग दर्शाता है और y उसी वस्तु की आपूर्ति दर्शाता है, तो x और y में -**
(A) ऋणात्मक सहसंबंध है।
(B) सहसंबंध नहीं है।
(C) आकलन नहीं कर सकते।
(D) धनात्मक सहसंबंध है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**42. सांख्यिकीय आँकड़ों की कालक्रम व्यवस्था, उसके घटित समय के अनुसार क्या कहलाती है?**
(A) समांतर श्रेणी (B) काल श्रेणी
(C) समांतर गुणोत्तर श्रेणी (D) गुणोत्तर श्रेणी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**43. यदि दो चरांकों x और y में संबंध 2x+3y=7 है और y की माध्यिका 2 है, तो x की माध्यिका क्या होगी-**
(A) $\frac{1}{2}$ (B) 3
(C) $\frac{1}{3}$ (D) 2
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**44. निम्नलिखित में से राजस्थान के किस स्थान पर तेजाजी की याद में मवेशी मेला लगाया जाता है?**
(A) असुन्ध (B) पर्वतसर
(C) जालौर (D) तिलवाड़ा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**45. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**
(A) राणा प्रताप सागर परियोजना - राजस्थान और पंजाब
(B) व्यास परियोजना - राजस्थान, पंजाब और हरियाणा
(C) चुम्बुल परियोजना - राजस्थान और मध्य प्रदेश
(D) माही बजाज सागर परियोजना - गुजरात और राजस्थान
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**46. निम्नलिखित सारणी का अध्ययन करके दी गई सूचना के आधार पर प्रश्न का उत्तर दीजिए:**
**दिए गए 4 वर्षों के दौरान 4 क्लबों में जिम सदस्यों की संख्या:**

| जिम क्लब / वर्ष | 2015 | 2016 | 2017 | 2018 |
|---|---|---|---|---|
| A | 350 | 250 | 400 | 450 |
| B | 150 | 105 | 160 | 200 |
| C | 100 | 95 | 125 | 125 |
| D | 120 | 130 | 140 | 130 |

**ये मानते हुए कि एक व्यक्ति केवल एक ही क्लब में पंजीकृत हो सकता है, बताइए कि वर्ष 2015 में कुल कितने लोगों ने किसी भी क्लब में पंजीकरण किया?**
(A) 720 (B) 825
(C) 580 (D) 1450
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**47. सूची-I के साथ सूची-II का मिलान कीजिए:**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. एकाधिकार बाजार के अंतर्गत सीमांत लागत वक्र का व्यवहार | I. L-आकार का वक्र |
| b. किसी फर्म का औसत स्थिर लागत वक्र का व्यवहार | II. क्षैतिज सीधी रेखा (X-अक्ष के समानांतर) |
| c. पूरक वस्तुओं के मामले में उदासीन वक्र का व्यवहार | III. आयताकार अतिपरवलय |
| d. पूर्णतः प्रवियोगी बाज़ार के अंतर्गत सीमांत लागत वक्र का व्यवहार | IV. ऋणात्मक ढाल वाला वक्र |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) a-I, b-II, c-III, d-IV (B) a-III, b-IV, c-II, d-I
(C) a-I, b-IV, c-II, d-III (D) a-IV, b-III, c-I, d-II
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**48. आँकड़ों को सारणीबद्ध करते समय, वर्ग सीमाओं का चयन इस प्रकार करना चाहिए ताकि:**
(A) अवलोकन संपूर्ण वर्गों में बिखरे हुए हों।
(B) अवलोकन वर्गों के चरम बिन्दुओं पर केन्द्रित हों।
(C) किसी भी तरीके से चयन किया जा सकता है।
(D) अवलोकन वर्गों के मध्य बिन्दुओं पर केन्द्रित हों।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**49. सूचकांक के लिए, निम्न में से, कौनसा कथन सत्य नहीं है?**
(A) उनका अपस्फीति के लिए प्रयोग नहीं किया जाता है।
(B) वे निर्णयों और नीतियों को निरूपित करने में सहायक होते हैं।
(C) वे रुपया-पैसा की क्रय शक्ति को मापते हैं।
(D) वे प्रवृत्तियों और उपनतियों का अध्ययन करने में सहायक होते हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**50. जीवन-मरण सांख्यिकी में मध्य वर्षीय जनसंख्या की गणना कब होती है?**
(A) अगस्त 1 (B) जून 30
(C) जुलाई 30 (D) जुलाई 1
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**51. संसेरा जलदेवी माताजी का मन्दिर निम्नलिखित में से किस नगर में स्थित है?**
(A) जालौर (B) राजसमंद
(C) जोधपुर (D) अजमेर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**52. निम्नलिखित में से, किस शहर में 'इन्द्रप्रस्थ औद्योगिक क्षेत्र' स्थित है?**
(A) जयपुर (B) जोधपुर
(C) अजमेर (D) कोटा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**53. प्रवृत्ति के माप के लिए चलित (गतिमान) माध्य विधि का प्रयोग किया जाता है यदि-**
(A) प्रवृत्ति अरैखिक हो
(B) प्रवृत्ति वक्ररेखीय हो
(C) प्रवृत्ति किसी भी प्रकार की हो
(D) प्रवृत्ति रेखीय हो
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**54. जब इन्क्वायरी (पूछताछ) का क्षेत्र छोटा हो, तो सटीकता, समय और लागत को ध्यान में रखते हुए आँकड़े एकत्र करने की विधि क्या होगी?**
(A) प्रकाशित स्रोत (B) मेल की गई प्रश्नावली
(C) अप्रकाशित स्रोत (D) प्रत्यक्ष व्यक्तिगत साक्षात्कार
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**55. अपने योगदान के लिए, दो बार नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाली महिला हैं?**
(A) मलाला युसुफजई (B) मैडम मेरी क्यूरी
(C) शिरिन एबादी (D) मदर टेरेसा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**56. यदि दो प्रतिगमन रेखाएँ परस्पर लम्ब हों और r द्विचर बंटन में कार्ल पियर्सन सहसम्बंध गुणांक हो, तो-**
(A) $r = -1$ (B) $r = 0$
(C) $r = \infty$ (D) $r = 1$
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**57. एक समूह के लोगों की, आयु की बारंबारता सारणी में, वर्ग के मध्य विन्दु 25, 32, 39, 46, 53 और 60 है, वर्ग अन्तराल का माप क्या होगा?**
(A) 7 (B) 10
(C) 20 (D) 5
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**58. एक फैक्ट्री में सभी कर्मचारियों की औसत दैनिक आय ₹ 444 है। यदि पुरुषों और महिलाओं की औसत दैनिर आय क्रमशः ₹ 480 और ₹ 360 हो, तो फैक्ट्री में पुरुष और महिला कर्मचारियों की प्रतिशतता क्या होगी?**
(A) 60%, 40% (B) 80%, 20%
(C) 65%, 35% (D) 70%, 30%
(E) अनुत्तरित प्रश्न [D]

**59. किन कारणों से भारत आउटसोर्स करने का एक वरीयता प्राप्त स्थान बन चुका है?**
**1. अप्रशिक्षित श्रमिकों की उपलब्धता**
**2. आई.टी. सेवाओं की गुणवत्ता**
**3. प्रशिक्षित श्रमिकों की उपलब्धता**
**4. कम लागत पर श्रमिकों की उपलब्धता**
**5. संचार के परम्परागत साधन**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) केवल 2, 3 और 4 (B) केवल 1 और 5
(C) केवल 3 और 5 (D) केवल 1, 2 और 3
(E) अनुत्तरित प्रश्न [A]

**60. आधार पीरियड मात्राओं का प्रयोग करने वाला पुंज सूचकांक फार्मूला क्या कहलाता है?**
(A) फिशर आदर्श सूचकांक (B) बाउले सूचकांक
(C) पाशे सूचकांक (D) लेस्पेयर्स सूचकांक
(E) अनुत्तरित प्रश्न [D]

**61. 'अधिक वजन' (अतिभार) और 'जीवन प्रत्याशा' में उच्च प्रतिलोम सम्बन्ध है। इस कथन के संदर्भ में सहसंबंध गुणांक क्या होगा?**
(A) $r = 0.10$ (B) $r = -0.10$
(C) $r = -0.85$ (D) $r = 0.85$
(E) अनुत्तरित प्रश्न [C]

**62. राजस्थान राज्य के छठे वित्त कमीशन के अध्यक्ष कौन हैं?**
(A) श्री मानिक चन्द सुराना (B) डा. बी. डी. कल्ला
(C) कुंवर प्रद्युमनसिंह (D) डा. ज्योति किरण शुक्ला
(E) अनुत्तरित प्रश्न [C]

**63. जयपुर से पहले राजस्थान की राजधानी कहाँ थी?**
(A) बीकानेर (B) कोटा
(C) आमेर (D) उदयपुर
(E) अनुत्तरित प्रश्न [D]

**64. निम्न में से कौनसी तात्कालिक संदेश (मैसेज) सेवा नहीं है?**
(A) याहू मैसेंजर (B) फेसबुक मैसेंजर
(C) गूगल क्रोम (D) गूगल हैंगआउट
(E) अनुत्तरित प्रश्न [C]

**65. जब $0.1\overline{156}$ को एक भिन्न में परिवर्तित किया जाता है, तो परिणाम है:**
(A) $\frac{289}{2500}$ (B) $\frac{289}{25}$
(C) $\frac{1156}{9999}$ (D) $\frac{229}{1980}$
(E) अनुत्तरित प्रश्न [D]

**66. निम्नलिखित में से कौनसे क्षेत्र में रतवाई लोकगीत गाए जाते हैं?**
(A) मेवाड़ (B) मेवाती
(C) रामदी (D) हाड़ोति
(E) अनुत्तरित प्रश्न [B]

**67. राजस्थान की प्रसिद्ध खिलाड़ी अरूंधति चौधरी निम्नलिखित में से कौनसे खेल से सम्बन्धित है?**
(A) मुक्केबाजी (B) हॉकी
(C) बैडमिन्टन (D) गोली चलाना (शूटिंग)
(E) अनुत्तरित प्रश्न [A]

**68. स्फीति गतिरोध किससे संदर्भित है?**
(A) गतिरोधी रोजगार की अवधि में अपस्फीति
(B) उच्च बेरोजगारी की अवधि में अपस्फीति
(C) पूर्ण रोजगार की अवधि में उच्च मुद्रास्फीति
(D) उच्च बेरोजगारी की अवधि में उच्च मुद्रास्फीति
(E) अनुत्तरित प्रश्न [D]

**69. सूची-I के साथ सूची-II का मिलान कीजिए:**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. मुद्रा गुणक | I. मुद्रा गुणक × प्रारम्भिक जमाराशि |
| b. कुल निर्मित साख | II. पुनःक्रय दर |
| C. बैंक दर | III. $\frac{1}{\text{आरक्षित अनुपात}}$ |
| d. सेन्ट्रल बैंक | IV. बैंकर का बैंक |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(A) a-I, b-II, c-III, d-IV (B) a-III, b-I, c-II, d-IV
(C) a-I, b-III, c-IV, d-II (D) a-IV, b-III, c-I, d-II
(E) अनुत्तरित प्रश्न [B]

**70. यदि *A:B:C=2:3:4* है, तो $\sqrt{2A^2+9B^2+2C^2}$ का मान होगा:**
(A) *A+2B+C* (B) *A+B+2C*
(C) *A+B+C* (D) 2*A+B+C*
(E) अनुत्तरित प्रश्न [D]

**71. N आकार वाली समष्टि में n आकार के संभवित प्रतिदर्शों (सैंपल) की संख्या है:**
(A) n / N (B) $\frac{N!}{n!(N-n)!}$
(C) $\frac{100N}{n}$ (D) N / n
(E) अनुत्तरित प्रश्न [A*]

**72. वर्ष 2022-23 के लिए, राजस्थान भाषा, साहित्य और संस्कृति अकादमी द्वारा किसे 'सूर्यमल मिश्रण शिखर पुरस्कार' से सम्मानित किया गया?**
(A) नंद भारद्वाज (B) मंगत बादल
(C) शिवराज छंगानी (D) मधु आचार्य 'आशावादी'
(E) अनुत्तरित प्रश्न [D]

**73. यदि 5 विद्यार्थियों के भौतिकी और रसायन विज्ञान विषय में प्राप्तांक के कोटि अंतरों के वर्गों का योग 15 हो, तो कोटि सहसम्बंध गुणांक कितना होगा?**
(A) 0.33 (B) 0.75
(C) 0.25 (D) 1.1
(E) अनुत्तरित प्रश्न [C]

**74. आहड़ का प्राचीन नाम था:**
(A) बैराठ (B) अघतपुर
(C) ताम्रवती (D) धुलकत
(E) अनुत्तरित प्रश्न [B*]

**75. सूची-I के साथ सूची-II का मिलान कीजिए:**

| सूची-I (उद्योग) | सूची-II (स्थान) |
|---|---|
| a. राज्य ऊनी सिल | I. भरतपुर |
| b. ए.सी.सी. (ACC) सीमेंट फैक्ट्री | II. बीकानेर |
| C. राजस्थान राज्य रसायन कारखाना | III. बूँदी (लाखेड़ी) |
| d. सेन्ट्रल इंडिया मशीनरी मैन्यूफैक्चरिंग कम्पनी (CIMMCO) | IV. डीडवाना |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(A) a-III, b-I, c-IV, d-II (B) a-II, b-IV, c-III, d-I
(C) a-IV, b-II, c-III, d-I (D) a-II, b-III, c-IV, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**76. जब सूचना देने वाले साक्षर हों और विशाल क्षेत्र में फैले हुए हों, तो आँकड़े एकत्र करने के लिए सबसे उपयुक्त विधि क्या होगी?**
(A) प्रत्यक्ष साक्षात्कार
(B) प्रकाशित स्रोत
(C) गणनाकारों द्वारा भेजी गई सूची विधि
(D) मेल द्वारा प्रश्नावली विधि
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**77. यदि $x = \frac{1}{\sqrt{3}-\sqrt{2}}$ है तो $\sqrt{2}\left(x+\frac{1}{x}\right)$ का मान होगा:**
(A) 12 (B) 36
(C) 24 (D) 16
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**78. किस व्यक्तित्व के सम्मान में, 15 अक्टूबर को "विश्व छात्र दिवस" के रूप में मनाया जाता है?**
(A) डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम (B) एल्बर्ट आइन्स्टाइन
(C) बराक ओबामा (D) डॉ. सी. वी. रमण
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**79. राजस्थान के कौनसे शहर को, वर्ष 2019 में, यूनेस्को का धरोहर स्थल घोषित किया गया है?**
(A) उदयपुर (B) जयपुर
(C) जोधपुर (D) जैसलमेर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**80. जीवन सारणी में, $l_x$ होता है -**
(A) सटीक वर्ष की आयु पर जीवित मनुष्य की, उस अंतराल में मृत्यु होने की संभावना
(B) उस अंतराल में मृत संख्या
(C) x वर्ष की आयु के पश्चात् जीवित रहने वाले वर्षों की कुल संख्या
(D) सटीक x वर्ष की आयु पर जीवितों की संख्या
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**81. माँग के नियम में 'सेटेरिस पारिबस' का अर्थ नहीं है कि:**
(A) वस्तु के प्रतिस्थापियों की कीमत नहीं बदलती है।
(B) उपभोक्ता की आय नहीं बदलती है।
(C) पूरक वस्तुओं की कीमत नहीं बदलती है।
(D) वस्तु की कीमत बदलती नहीं है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**82. 10 अवलोकनों का माध्य 20 और माध्यिका 15 है। यदि प्रत्येक अवलोकन में 6 जोड़ दिया जाए, तो नए अवलोकनों के सेट का बहुलक (मोड) ज्ञात कीजिए।**
(A) 15 (B) 11
(C) 26 (D) 36
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**83. कौनसा प्रोटोकॉल सबसे अधिक विश्वसनीय है?**
(A) यू.डी.पी. (B) पी.ओ.पी.
(C) टी.सी.पी. (D) एफ.टी.पी.
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**84. मीराबाई का जन्म कहाँ हुआ था?**
(A) चित्तौड़गढ़ (B) नागौर
(C) कुरकी (D) मेड़ता
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**85. राजस्थान के किस नगर में 'ओरिएण्टल रिसर्च इन्स्टिट्यूट' स्थित है?**
(A) जयपुर (B) अजमेर
(C) बीकानेर (D) जोधपुर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**86. X और Y श्रेणी की दो-प्रतिगमन रेखाएँ हैं:**
**5x−6y+90=0 और 15x−8y−130=0 हैं।**
**X श्रेणी का माध्य है:**
(A) 20 (B) 25
(C) 30 (D) 35
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**87. निम्नलिखित आइटमों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित करें:**
**1. प्रथम औद्योगिक नीति प्रस्ताव का अभिग्रहण।**
**2. भारत में नई आर्थिक नीति का कार्यान्वयन।**
**3. भारत में योजना आयोग की स्थापना।**
**4. भारत के रूपान्तरण के लिए राष्ट्रीय संस्थान का गठन।**
**5. भारत में प्रथम पंचवर्षीय योजना का प्रारम्भ।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) 4, 1, 5, 2, 3 (B) 1, 3, 5, 2, 4
(C) 1, 2, 3, 4, 5 (D) 3, 2, 4, 1, 5
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**88. निम्नलिखित में से कौनसा टाईगर रिज़र्व देश का 52वाँ टाइगर रिज़र्व घोषित किया गया?**
(A) रानीपुर टाईगर रिजर्व
(B) गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान
(C) रामगढ़ विषधारी टाईगर रिज़र्व
(D) रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**89. राजस्थान के किस राजा को 'वाकपति' की उपाधि से सम्मानित किया गया था?**
(A) प्रतापसिंह (B) मुंज
(C) राव जोधा (D) अभयसिंह
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**90. एकाधिकारी प्रतियोगी केवल उसी स्तर तक उत्पादन करेगा, जहाँ .................. ।**
1. सीमांत लागत (MC) = सीमांत संप्राप्ति / आय (MR)
2. सीमांत लागत < सीमांत संप्राप्ति / आय
3. MC = MR के बाद MC > MR
4. MC घट रही है

5. TC तथा TR में न्यूनतम अंतर है
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(A) केवल 2 और 4 (B) केवल 1 और 3
(C) केवल 4 और 5 (D) केवल 1 और 4
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**91. यदि दो समूहों के आकार और माध्य क्रमशः $n_1$ और $n_2$ और $\overline{X}_1, \overline{X}_2$ हैं, तो $n_1 + n_2$ आकार वाले संयोजित समूह का माध्य क्या होगा?**
(A) $\overline{X}_1 + \overline{X}_2$ (B) $\frac{\overline{X}_1 + \overline{X}_2}{n_1 + n_2}$
(C) $\frac{n_1\overline{X}_1 + n_2\overline{X}_2}{n_1 + n_2}$ (D) $n_1 n_2\left(\overline{X}_1 + \overline{X}_2\right)$
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**92. निम्नलिखित राष्ट्रीय उद्यान / वन्य जीव अभयारण्य में से कौनसा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**
(A) सरिस्का वन्य जीव अभयारण्य - अलवर
(B) मुकुन्दरा राष्ट्रीय उद्यान - बूँदी
(C) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान - भरतपुर
(D) रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान - सवाई माधोपुर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**93. चित्तौड़गढ़ का किला किसने बनवाया?**
(A) चित्रांगद मोरी (B) महाराणा कुंभा
(C) विजय पाल (D) राजा बदन सिंह
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**94. राजस्थान का प्रथम ध्रुपद गायक कौन था?**
(A) वीना शर्मा (B) शालिनी कुमारी तैलंग
(C) मधु भट्ट तैलंग (D) नम्रता भट्ट
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**95. राजस्थान में औद्योगिक प्रोत्साहन संस्थानों का प्रमुख उद्देश्य क्या था?**
(A) नए उद्योगों को प्रोत्साहित करना
(B) औद्योगिक उत्पाद के वितरण में सहायता करना
(C) औद्योगिक इकाइयों को वित्त प्रदान करना
(D) नए उद्यमियों को प्रशिक्षित करना
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**




**96. 2011 की जनगणना के अनुसार, अकेला भारतीय राज्य जिसमें 2001 की जनगणना की तुलना में जनसंख्या में कमी (गिरावट) पाई गई, वह है-**
(A) महाराष्ट्र (B) नागालैंड
(C) केरल (D) गोआ
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**97. तीन बराबर पात्रों में क्रमशः $\frac{2}{3}, \frac{1}{3}$ और $\frac{1}{4}$ हिस्सा दूध से भरा है। बचे हुए भाग में पानी भरा जाता है। सभी मिश्रणों को फिर एक बड़े पात्र में डाला जाता है। बड़े पात्र में दूध और पानी का अनुपात क्या होगा?**
(A) 5 : 7 (B) 7 : 5
(C) 2 : 5 (D) 1 : 1
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**98. दिए गए अवलोकनों के समांतर माध्य से लिये गये विचलनों का बीजीय योग होता है:**
(A) सदैव 1 (B) सदैव $\infty$
(C) सदैव $\frac{1}{10}$ (D) सदैव शून्य
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**99. निम्न में से, किन संस्थानों का नियमन रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान की तरह विनियमित किया जाता है?**
1. भारतीय निर्यात आयात बैंक
2. राष्ट्रीय आवास बैंक
3. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
4. भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक
5. सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:-
(A) केवल 3 और 5 (B) केवल 1, 2, 3 और 5
(C) केवल 1 और 2 (D) केवल 1, 2 और 4
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**


**100. कंप्यूटर का कौनसा यूनिट सभी प्रकार के परिकलन करता है?**
(A) सी यू (B) आर ए एम (रैम)
(C) आर ओ एम (रोम) (D) ए एल यू
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

लक्ष्य क्लासेज उदयपुर

# मुश्किल परीक्षाएं भी आसान लगेगी

## जब करेंगे लक्ष्य एप के संग तैयारी

**मौका है, अपनी तैयारी को सिलेक्शन वाली तैयारी बनाने का**




**LIVE FROM CLASSROOM**

**ONLINE/OFFLINE COURSE**

RAS | CET | REET

SI | NURSING | शिक्षक

Scan to Download Lakshya App Now

Google play

- Test Series
- Recorded Courses
- Downloadable Classes
- Free Quizzes
- Video & Audio Lecture
- Previous Year Paper
- Free Current Affair
- Doubt Solving Session



सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान

# लक्ष्य क्लासेज ™

Sector - 4, Main Road, Udaipur (Raj.) | M. 6376957258, 6376491126